सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

9वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – 110092

सत्र: 2026-2027

कक्षा-दसवीं **विषय- हिन्दी** **कार्यपत्रिका-2**

'पदबंध' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :

1.'उन्होंने छोटी-छोटी खिड़कियों वाला चौबारा किराए पर ले रखा था।' वाक्य में रेखांकित पदबंध है-

(क) विशेषण पदबंध (ख) क्रियाविशेषण पदबंध (ग) संज्ञा पदबंध (घ) सर्वनाम पदबंध

2. 'उसने एक तूफ़ानी रात अपनी लहरों पर दौड़ते हुए तीन जहाजों को उठाकर गेंद की तरह तीन दिशाओं में फेंक दिया था।'

(अ) जहाजों को उठाकर (ब) लहरों पर दौड़ते हुए (स) तीन दिशाओं में (द) फेंक दिया था

उपर्युक्त पदबंधों में से क्रिया पदबंध का उदाहरण है/हैं-

(क) केवल (अ) (ख) केवल (द) (ग) (ब) और (द) (घ) (अ) और (द)

3. "वे एशिया के सबसे बड़े शोमैन के रूप में स्थापित हो चुके थे।" इस वाक्य में क्रिया पदबंध है-

(क) एशिया के सबसे बड़े (ख) सबसे बड़े शोमैन (ग) के रूप में स्थापित (घ) स्थापित हो चुके थे।

4."महत की चिकनी-चुपड़ी बातों के भीतर की सच्चाई भी अब वह जान गए थे।"-रेखाकित पदबंध का प्रकार है-

(क) सर्वनाम पदबंध (ख) विशेषण पदबंध (ग) क्रियाविशेषण पदबंध (घ) संज्ञा पदबंध

5. "अपने बच्चों को न पाकर वे खामोश और उदास हो गए।" रेखांकित पदबंध का भेद है-

(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

निम्नलिखित वाक्यों में से पदबंध छाँटिए और उनके भेद बताइए-

1. बच्चा रोते-रोते सो गया।

उत्तर

2. बहुत परिश्रमी रमेश कक्षा में प्रथम आया।

उत्तर

3. कछुआ बहुत धीमी गति से चलता है।

उत्तर

4. वह खाते-खाते सो गया।

उत्तर

5. वह सेब काटकर खा रहा था।

उत्तर

6. पड़ोस में रहने वाली भावना चल बसी।

उत्तर

7. दीन-दुखियों पर अत्याचार करने वालों को सजा मिलनी चाहिए।

उत्तर

8. मुझे प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

उत्तर

9. चोट खाए हुए तुम आराम कर लो।

उत्तर

10. पानी लगातार बहता जा रहा है।